
# हमारा भारत नॉलेज बेस्ड सोसायटी : राजनाथ

## जयपुर में रक्षा मंत्री ने धार्मिक सहिष्णुता और सच्चे विश्वास का किया आह्वान

**जयपुर, 23 सितंबर. राजस्थान की राजधानी जयपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर-मस्जिद में जाकर पूजा या इबादत करना आध्यात्म नहीं है. उन्होंने कहा कि मन जितना बड़ा होगा, जीवन में कष्ट उतना ही कम होगा. राजनाथ ने कहा कि हम हमेशा से नॉलेज बेस्ट सोसायटी हैं और आज भी हमारा भारत नॉलेज बेस्ड सोसायटी है.**

रक्षा मंत्री ने कहा कि दर्शनशास्त्र हो, गणित हो, मेडिकल साइंस हो, आर्किटेक्चर हो, नृत्य संगीत हो, मार्शल आर्ट हो या फिर अन्य कोई विधा हो, उन सब पर हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणालियों में विशेष ध्यान दिया गया है.

### राजनाथ ने सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया



निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में देश भर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन किया. रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मंत्रालय ने राज्य सरकारों, गैर सरकारी संगठनों और निजी स्कूलों के साथ सहयोग से इन 100 स्कूलों में से 45 को मंजूरी दे दी है और इनमें से चालीस स्कूलों का संचालन शुरू हो गया है. सैनिक स्कूल जयपुर इन 40 स्कूलों में से एक है. रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि यह स्कूल राज्य के देशभक्त युवाओं के लिए वरदान साबित होगा क्योंकि उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए उचित मार्गदर्शन तथा आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाएगा.

ये और बात है कि किसी कारणवश या फिर मैकाले द्वारा निर्देशित शिक्षा पद्धतियों या फिर अन्य कारणों से ये बात दुनिया के सामने नहीं लाई गई कि हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली का ध्यान मैथ्स और साइंस पर भी उतना ही था. उन्होंने कहा कि एक कारण यह हो सकता है कि उनको अपनी शिक्षा प्रणाली को बेहतर दिखाना था और हमारी शिक्षा व्यवस्था को कमतर. दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जयपुर में एक सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया. इसी के मौके पर उन्होंने ये बातें कहीं. इस मौके पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी मौजूद रहीं. राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि यह बिल्कुल भी नहीं था कि हमारा ध्यान केवल दर्शनशास्त्र और आध्यात्म पर था. हमारा ध्यान गणित और विज्ञान पर था.

## हरियाणा की रैली में नहीं जाएंगे खडगे

**नयी दिल्ली 23 सितंबर ( वार्ता )** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे



को खडगे को सोमवार को हरियाणा में दो चुनावी रैलियां को संबोधित करना था लेकिन स्वास्थ्य सम्बधी मामूली दिक्कतों के कारण उन्हें रैली में नहीं जाने और आराम करने की सलाह दी गई है. उन्होंने बताया कि खडगे की गैर मौजूदगी में हरियाणा की दोनों चुनावी रैलियों को राज्य स्तर के कांग्रेस नेता संबोधित करेंगे. खडगे का चुनावी रैली में जाने का कार्यक्रम स्थगित होने के कारण अटकलें तेज हो गई हैं कि हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी से नाराज खडगे रैली में नहीं जा रहे हैं.



# महाराष्ट्र चुनाव पर मंथन

## राज ठाकरे और सीएम शिंदे की बैठक


**मुंबई ,23 सितंबर.** विधानसभा चुनाव से पहले राज ठाकरे और सीएम एकनाथ शिंदे की बैठक हुई है. ये बैठक सीएम आवास वर्षा पर हुई है. बैठक में राज ठाकरे और शिंदे की क्या बातचीत हुई ये फिलहाल साफ नहीं है लेकिन सूत्रों की माने तो राज ठाकरे अगर अमित ठाकरे को चुनाव में उतारते है तो शिवसेना जो दोनों की मूल पार्टी है, उसके सहयोग की जरूरत पड़ेगी. साथ ही जिन सीटों पर शिंदे उम्मीदवार उतारेंगे उन्हें राज ठाकरे से मदद की दरकार है क्योंकिं उनके लिए ये चुनाव राजनीतिक साख बचाने और नाक का सवाल है.

सूत्रों की माने तो राज ठाकरे ने लोकसभा चुनाव में बिना शर्त एनडीए का समर्थन और प्रचार भी किया था. ऐसे में महायुति में उनकी संभावना भी तलाशी जा रही है लेकिन दिक्कत ये है कि राज ठाकरे को साथ लेने से उत्तर भारतीय वोटर्स पर इसका सीधा असर पड़ेगा, जिसे विरोधी मुद्दा बनाएंगे. ऐसे में बैठक में इस पर भी चर्चा हुई है कुछ ऐसी सीटें जहा अप्रत्यक्ष रूप से मनसे के उम्मीदवारों को समर्थन दिया जाए. हालाकि राज ठाकरे पहले ही कह चुके हैं कि वो अलग लड़ेंगे लेकिन वो ये भी जानते है अकेले उनकी राह आसान नहीं है.

**राज ठाकरे ने बुलाई पदाधिकारियों की बैठक-** दरअसल, मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने सोमवार को अपने आवास शिवतीर्थ पर पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है.

### महाराष्ट्र में इस बार का चुनाव काफी अहम

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान अभी नहीं हुआ है लेकिन सभी पार्टियों ने इसकी तैयारी पूरे दम खम के साथ शुरू कर दी है. महाराष्ट्र में इस बार का चुनाव अहम होने वाला है क्योंकि विधानसभा चुनाव में पहली बार शिवसेना और एनसीपी के दो गुटों में बंटने के बाद एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे वहीं अजित पवार और शरद पवार आमने-सामने होंगे.



**लेबनान में हाहाकार, 189 लोगों की मौत, 400 घायल**

इजरायल ने हिज्बुल्लाह पर सोमवार को भीषण हवाई हमला किया है. दक्षिणी लेबनान में इज़रायल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 100 लोग मारे गए और 400 से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं. इनमें बच्चे, महिलाएं और डॉक्टर शामिल हैं.

## सुंदर पिचाई ने भारत में एआई के लिए मोदी के विजन की सराहना की

**वाशिंगटन, 23 सितंबर.** संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गूगल के सुंदर पिचाई और एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग सहित प्रमुख तकनीकी अधिकारियों से मुलाकात की. चर्चा भारत की विशाल क्षमता और अवसरों पर केंद्रित थी, जिसमें मोदी ने बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता के बारे में अमेरिकी व्यापार जगत के नेताओं को आश्वस्त किया. न्यूयॉर्क में पीएम मोदी द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन के दौरान, उल्लेखनीय उपस्थितियों में एडोब के अध्यक्ष, अध्यक्ष और सीईओ शांतनु नारायण, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा और एएमडी की सीईओ लिसा सु सहित अन्य शामिल थे.

# पंजाब में खुले 30 नए क्लिनिक

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किया उद्घाटन



**चंडीगढ़, 23 सितंबर** पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का काम लगातार जारी है. पंजाब की मान सरकार का कहना है कि किसी भी प्रदेश के विकास के लिए वहां के लोगों का स्वस्थ्य होना बहुत जरूरी है. इसलिए राज्य सरकार की तरह से पंजाब के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रदेश में 30 नए आम आदमी क्लिनिक खोले जा रहे हैं. सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बठिंडा जिले के गांव चौके से इन 30 आम आदमी क्लीनिकों का उद्घाटन किया है. जनाकरी के अनुसार पूरे पंजाब में कुल 840 मोहल्ला क्लीनिक मौजूद हैं, जिनमें लोगों का इलाज किया जाता है. शहरी इलाकों में 310 और ग्रामीण इलाकों में 530 आम आदमी क्लीनिक है. अब तक इन आम आदमी क्लीनिक से 2 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं.

# नए यूपी में व्यापारी सुरक्षित : योगी

## सुलतानपुर डकैती एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी

**मिर्जापुर,23 सितंबर. यूपी के सुल्तानपुर डकैती केस में अपराधियों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. पहले मंगेश यादव, अब अनुज प्रताप सिंह को यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है.**

एक तरफ जहां सपा मुखिया अखिलेश यादव इसे फर्जी मुठभेड़ करार दे रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में व्यापारी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता है. अगर कोई ऐसा करेगा तो उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा.

सोमवार को मुख्यमंत्री मिर्जापुर में थे. उन्होंने यहां 765 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि ये नए भारत का यूपी है. नए यूपी में सुरक्षा है तो सम्मान भी है. बेटी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता है.

### 2017 से पहले माफिया चलाते थे सरकार



सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में माफिया समानांतर सरकार चलाते थे. प्रशासन उनके सामने सैल्यूट मारता था. किसी की हिम्मत नहीं होती थी कि उन पर हाथ डाल सकें. योगी ने उदाहरण देते हुए कहा कि आज आप जो देख रहे हैं कि माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं. कह रहे हुजूर एक बार जान बख्श दो. आगे से ठेली लगाकर पेट भर लेंगे. अब हम किसी की संपत्ति पर कब्जा नहीं करेंगे. व्यापारी या राहगीर पर गोली नहीं बरसाएंगे.

# अब तक असली हिंदू पीएम राष्ट्रपति नहीं बने : शंकराचार्य



**लखनऊ,23 सितंबर. ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती ने कहा कि अभी तक देश में असली हिंदू राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नहीं हुए. जो भी खुद को हिंदू होने का दावा कर रहे हैं, वह असली हिंदू नहीं है. अगर असली हिंदू होते तो देश में एक भी गौ हत्या नहीं होती.**

मुझ पर आरोप लगते हैं कि भाजपा के खिलाफ बोलते हैं लेकिन हम भाजपा की लुटिया नहीं डुबो रहे. हम उन सभी कसाई पार्टियों की लुटिया डुबो रहे हैं, जो गौ हत्या को बढ़ावा दे रहे हैं. राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से गंगा और गौ माता की रक्षा को लेकर कई बार समय मांगा है, लेकिन किसी ने भी समय नहीं दिया.

पीएम मोदी का अब गोमाता के लिए नहीं तड़पता दिल: लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती ने कहा कि गद्दी पर बैठने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते थे कि गोमाता की हत्या पर उनका दिल तड़पता है. लेकिन पर वह तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं.

## एक नजर में



### श्रीलंका के प्रधानमंत्री गुणवर्धने का इस्तीफा

**कोलंबो.** श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने अनुरा कुमारा दिसानायके के नए राष्ट्रपति चुने जाने और नयी सरकार के कार्यभार संभालने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. गुणवर्धने ने निर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को संबोधित एक पत्र में कहा है कि वह तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं. अपने त्यागपत्र में उन्होंने कहा, मैं 21 सितंबर, 2024 को हुए राष्ट्रपति चुनाव में श्रीलंका के लोकतांत्रिक समाजवादी गणराज्य के नवें कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर आपको सम्मानपूर्वक बधाई देता हूं.

### ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**तेहरान.** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए. आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी. एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए. ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16-13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी. इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे.

### काबुल में 27 नशा तस्कर गिरफ्तार

**काबुल.** अफगानिस्तान की मादक पदार्थ निरोधक पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी काबुल में मादक पदार्थों की तस्करी और खरीदारी के मद्देनजर 27 लोगों को गिरफ्तार किया है. गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि तस्करों को काबुल के आसपास चलाए गए मादक पदार्थ निरोधक अभियानों के दौरान गिरफ्तार किया गया. अभियान के दौरान हशीश और टैबलेट, पश्चिमी देशों में निर्मित ड्रग सहित ड्रग्स की खेप जब्त की गयी है.

### इराकी आतंकी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद.** इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने शाम को जॉर्डन घाटी में एक इज़रायली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली. मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला, गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था. समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी.

# मत्स्यपालन क्षेत्र में रोड मैप का गठन

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजीव रंजन ने की बैठक

नई दिल्ली, 23 सितंबर. देश में मत्स्यपालन क्षेत्र के विकास के लिए सोमवार को कृषि भवन, दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा पशुपालन, मत्स्यपालन एवं डेयरी व पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह के मध्य हुई. बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मत्स्यपालन के क्षेत्र में आईसीएआर द्वारा काफी अच्छा अनुसंधान किया जा रहा है, नई प्रौद्योगिकियां विकसित की गई है. वहीं अनेक पहल की गई है.

### आज का इतिहास

- 1971: ब्रिटेन ने जासूसी के आरोप में 90 रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया.
- 1978: पूर्व सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.
- 1978: जानेमाने गणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी भूपति मोहन सेन का निधन.
- 1979: घाना ने संविधान अपनाया.
- 1990: पूर्वी जर्मनी ने खुद को वारसा संधि से अलग किया.
- 1996: अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किये.
- 2003: फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन किया.
- 2004: राजा रमन्ना , भारतीय परमाणु वैज्ञानिक का निधन, इन्होंने भारत के परमाणु कार्यक्रम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.** HDFC BANK We understand your world
स्कीम नं. 94, ब्रिलियन्ट एवेन्यु, बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे, इन्दौर

**सरफासी एक्ट, 2002 के अंतर्गत सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13(2) सहपठित नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके निम्न ऋणगृहिताओं एवं सह-आवेदकों को सूचना दी जाती है। सूचना प्राप्ति से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की जाती है।

चूंकि यह नोटिस डाक के माध्यम से ऋणगृहिताओं को नहीं दिया गया था, इसलिए इसे उक्त अधिनियम के तहत निर्धारित नियमों के अनुसार प्रकाशित किया जा रहा है, अत: ऋणगृहिता एवं सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न हस्ताक्षरकर्ता के नीचे वर्णित बंधक सम्पत्ति का आधिपत्य 60 दिन पश्चात् अधिनियम की धारा 13(4) सहपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया जाएगा।

ऋणगृहिता को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें तथा यदि कोई संव्यवहार किया गया हो तो वह **एच.डी.एफ.सी. बैंक लि., स्कीम नं. 94, ब्रिलियन्ट एवेन्यु, बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे, इन्दौर** के ऋणगृहिताओं के समक्ष राशि के चार्ज के अधीन होगा।

| क्र. | ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार का नाम व पता एवं खाता नम्बर | सूचना दिनांक / अतिदेय की रकम |
|---|---|---|
| 1 | **1. सादाब मंसूरी (ऋणी)** **2. शाहनवाज मंसूरी (सह-ऋणी)** **दोनों का पता :** मैकेनिक नगर नटराज होटल के पीछे सेंधवा, बड़वानी, 451551, मध्य प्रदेश | 06/09/2024 ₹ 14,08,170.20 |
| 2 | **1. संतोष कुमार (ऋणी)** **पता :** एसओ मांगीलाल ग्राम पिपल्या देब पोस्ट, पिप्लया देब, बड़वानी, 451556 मध्य प्रदेश **2. पेमल बाई विश्वकर्मा (सह-ऋणी)** **पता :** मकान 38, पोस्ट उछावद तह. अंजड़ ग्राम पिपल्यािना, देब पिपल्याना, बड़वानी 451556, मध्य प्रदेश | 06/09/2024 ₹ 8,40,343.46 |

चल संपत्ति का विवरण (क्र. 1)

| Product | Loan No. | Model | Reg.No. | Engine No. | Chasis No. |
|---|---|---|---|---|---|
| CGT USED COMM VEHICLE | 88430258 | AL 3718 U | MH18 AA9737 | FBPZ 112452 | MB1NACFC 8FPBM7295 |

चल संपत्ति का विवरण (क्र. 2)

| Product | Loan No. | Model | Reg.No. | Engine No. | Chasis No. |
|---|---|---|---|---|---|
| ULTRA LIGHT COMMERCIAL VEHICLE LOAN | 138688354 | TATA INTRA V50 BS VI | MP46 ZB0141 | 1.5CRO6 PXXSG 7646 | MAT535093 NYP56280 |

स्थान : इन्दौर, हस्ते /- (प्राधिकृत अधिकारी)
दिनांक : 24-09-2024 एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.,

TATA
**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : 9/1/1, सूरज भवन, दूसरी मंजिल, येस बैंक के ऊपर, एम.जी. रोड़, इन्दौर-452001

**अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**
**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना**
एतद्द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोलिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए **'जो है जहाँ है' और 'जहाँ है, जैसा भी है' और 'जो भी हैं'** आधार पर दिनांक **10-10-2024** को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित हैं। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन / बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **10-10-2024** को दोपहर **2:00** बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **09-10-2024** को समय सायं **5.00** बजे तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, 9/1/1, सूरज भवन, दूसरा तल, यस बैंक के ऊपर, एम. जी. रोड़, इंदौर**-452001 पर जमा किया जाना चाहिए। प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहाँ है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

| क्रं | ऋण खाता क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी/ कानूनी वारिस/ जमानतदारों के नाम | मांग सूचना के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | अग्रिम जमा राशि | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TCHHL02 8400010 0086753 | विनोद कुमार निसाद श्रीमती सरिता निसाद | Rs. 14,60,128/- (रूपये चौदह लाख सांठ हजार एक सौ अट्ठाविस मात्र) एवं 24-11-2022 | Rs.12,80,000/- (रूपये बारह लाख अस्सी हजार मात्र) | Rs.1,28,000/- (रूपये एक लाख अठठाइस हजार मात्र) | भौतिक |
| **अचल संपत्ति का विवरण -** अचल संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश, अचल संपत्ति का वह समस्त भाग और पार्सल, **फ्लैट नंबर जी-2, शारस्वत एवेन्यू, ग्राउंड फ्लोर, वीर सावरकर नगर, प्लॉट नंबर 35, आइडीए सेक्टर 97, पार्ट 4 इंदौर, म.प्र.- 452001, क्षेत्रफल- 585 वर्ग फीट। चर्तुसीमा:- पूर्व : प्लॉट नं. 36, पश्चिम: प्लॉट नं. 36, उत्तर: प्लॉट नं. 06., दक्षिण: फ्लैट नं.-जी1, पार्किंग के बाद रोड** | | | | | | |
| 2 | 10571438 & 9317929 | श्रीमती शकुन्तला कवठेकर श्री विशाल कवठेकर | रू. 7,47,109/- रुपये (सात लाख सैंतालीस हजार एक सौ नौ रुपये मात्र) क़ी राशि अनुबंध क्रमांक 9317929 के अंतर्गत आपके द्वारा बकाया है एवं रू. 1,75,581/- रुपये (एक लाख पचहत्तर हजार पांच सौ इक्यासी रुपये मात्र) की राशि अनुबंध क्रमांक 10571438 के अंतर्गत आपके द्वारा बकाया है, अर्थात कुल बकाया रू. 9,22,690/- रुपये (नौ लाख बाईस हजार छह सौ नब्बे रुपये मात्र) एवं 14-12-2023 है। | Rs. 17,75,000/- (रुपये सत्रह लाख पिचहत्तर हजार मात्र) | Rs. 1,77,500/- (रुपये एक लाख सतत्तर हजार पांच सौ मात्र) | भौतिक |
| **अचल संपत्ति का विवरण -** अचल संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश, **फ्लैट क्रमांक 103, प्रथम तल सृष्टिपैराडाइज, प्लॉट क्रमांक ई-6, श्री जी वैली, ग्राम बिचोली मर्दाना, तहसील व जिला- इंदौर, सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 995 वर्ग फीट। चर्तुसीमा:- पूर्व :-रोड, पश्चिम:- कॉमन पैसेज, उत्तर:- फ्लेट नं. 104., दक्षिण:- प्लाट नं. ई-5** | | | | | | |

नीलामी में, सर्वसामान्य जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली (ओं) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। एतद् द्वारा कर्जदार (रों)/ सह-कजदार (रों) को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से **15 दिनों** के भीतर भविष्य के ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए अंतिम मौका दिया जाता है, ऐसा न होने पर अचल संपत्तियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बेचा जाएगा। यदि उपरोक्त बकाया राशि, ब्याज व लागतें (बिक्री की लागत सहित) 'प्राधिकृत अधिकारी' के पास जमा करा दी जाती है या उसे प्रमाण देकर यह संतुष्ट कराया जाता है कि ऐसे प्रत्याभूत ऋण, ब्याज व लागत को चुकता कर दिया जाता है, तो बिक्री रोक दी जायेगी। इस बिक्री में संलग्न कोई भी अधिकारी या व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से न तो बोली कर सकता है और न ही उक्त बेची गई संपत्ति में कोई हित अधिग्रहीत कर सकता है या ऐसा करने का प्रयास नहीं कर सकता है। बिक्री बताई गई शर्तों के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निम्नलिखित निर्धारित शर्तों के तहत होगी।

**कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी पोर्टल https://bankauctions.in के माध्यम से दिनांक 10-10-2024 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।**

**नियम और शर्तें :** 1. अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उदघोषणा अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटी, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेय नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दुबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। 2. संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। 3. बोली वृद्धि राशि: **रू.10,000/- (दस हजार मात्र)** 4. संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएँ **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'** के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। **आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी** के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। 5. उच्चतम बोलीकारी को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त है। 6. उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। 7. संपत्ति की निरीक्षण दिनांक **27-09-2024** को **सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे** तक किया जा सकेगा। 8. खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। 9. उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा 'प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। 10. उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपीटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदारें संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। 11. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों जिनके लिए संपत्ति देनदार है का विवरण-कोई नहीं, दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण: उपरोक्त तालिका के अनुसार। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। **12. अन्य किसी विवरण अथवा संभावी निविदाकार को ई-नीलामी पर प्रक्रिया आनलाईन प्रशिक्षण के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक नं. 605 ए, छटी मंजिल मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलेक्स, अमीरपेट, हैदराबाद-500038 इनके समन्वयक के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। कर्नाटक एवं गोवा- मोबाइल नं. 8142000809, srinivas@bankauctions.in, तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश- मोबाइल नं. 8142000064, prakash@bankauctions.in, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं पूर्वोत्तर राज्य- मोबाइल नं. 814200030, pradhan@bankauctions.in तमिलनाडु एव केरल मोबाइल नं. 8142000735, dinesh@bankauctions.in दिल्ली, एनसीआर, पंजाब, गुजरात, हरियाणा और उत्तरी राज्य मोबाइल नं. 9515160064, prakash@bankauctions.in, महाराष्ट्र, गुजरात एवं मध्य प्रदेश मोबाइल. नं. 8142000725, Arijit@bankauctions.in, ईमेल आईडी : info@bankauctions.in अथवा मनीष बंसल, ई-मेल आईडी: Manish.Bansal@tatacapital.com, प्राधिकृत अधिकारी, मोबाईल नं. 8588983696 पर संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपने प्रश्न व्हाट्सऐप नंबर 9999078669 पर भेजें।** 13. उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोली दाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक/उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। 14. उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **http://surl.li/wnkdgz** का संदर्भ लें। 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएं : **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

स्थान : इन्दौर ह/- (प्राधिकृत अधिकारी)
दिनांक : 24-09-2024 टाटा केपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि.